composition, as it stands now, indicates that the Constituent Assembly had in mind the question of functional representation and it was due to this that they suggested that one-third members of the Legislative Councils should be left to be elected by the Members of the Legislative Assemblies because at that time the members of the Constituent Assembly did not agree to the representation of various interests. A large number of interests came before them in the form of amendments to the provisions of the proposed Draft Constitution. The Hon. Minister has said that he does not agree to the various provisions of the Bill now, but he realises that he will take them into consideration and will bring forward a separate Bill after sometime. The existing provision in the Constitution suggests and gives power to the Parliament. Everything has been decided with regard to Assemblies and Parliament, but with regard to the composition of Legislative Councils, there is a provision that the present composition will continue till the Parliament takes a decision otherwise. Therefore, in the very nature of this provision, it is suggested that the Parliament should consider this after 15 years' experience and after the various organisations in the form of decentralised administration have come. The time has, therefore, come when the Government should consider the desirability or necessity of having a separate Bill for the composition of Legislative Councils. As I have said, various non-official opinions are in favour of revising the present composition of Legislative Councils; the opinions of some Hon. Members of this House also suggest that this should be revised. But I very much regret that the Government have not thought it proper to accept the provisions of the Bill. In my Bill I have made certain suggestions and it has to be referred to a Select Committee if the Hon. Members of the House agree to it. But it appears that the Government is not prepared to accept my motion at present. Having that in mind, I would not like that my motion for reference to a Select Committee should be lost. Therefore, I would request that the House may permit me to withdraw the Bill for the present with the hope that the Government would come forward with a Bill to revise the composition of the Legislative Councils.

**Mr. Speaker:** Has he the leave of the House to withdraw the Bill?

*The Bill was, by leave, withdrawn.*

---

**14·45 hrs.**

## SIKH GURDWARAS BILL

**श्री अ० सि० सहगल** (जंजगीर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारतीय संघ के विभिन्न राज्यों में स्थित सिख गुरुद्वारों की सुप्रबन्ध की तथा उन से सम्बन्धित मामलों की जांच करने की व्यवस्था करने वाले विधेयक को दोनों सभाओं की 30 सदस्यों की एक संयुक्त समिति को सौंपा जाए, जिस में इस सभा के बीस सदस्य, अर्थात्:—

डा० मा० श्री० अणे, श्री कन्हैया लाल बाल्मिकी, श्री न० का० भट्टाचार्य, मेजर राजा बहादुर वीरेन्द्र सिंह, खैरागढ़, सरदार बूटा सिंह, सरदार दलजीत सिंह, श्रीमती विमलाबाई पंजाबराव देशमुख, सरदार धन्ना सिंह गुलशन, सरदार इकबाल सिंह, श्री हरि विष्णु कामत, सरदार कपूर सिंह, हिज हाइनेस महाराजा बीकानेर श्री कर्णी सिंहजी, श्रीमती लक्ष्मी कान्तम्मा, सरदार सुरजीत सिंह मजीठिया, सरदार गुरमुख सिंह मुसाफिर, श्री मान सिंह पृथ्वी राज पटेल, श्री दे० द० पुरी, श्री श्याम लाल सर्राफ, श्री अशोक कु० सेन, तथा सरदार अमर सिंह सहगल, और राज्य सभा के दस सदस्य हों,

कि संयुक्त समिति की बैठक गठित करने के लिए गणपूर्ति संयुक्त समिति के सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई होगी,

कि समिति इस सभा को अगले अधिवेशन के अन्तिम दिन तक प्रतिवेदन देगी,

[श्री ग्र० सिं० सहगल]

कि अन्य बातों में संसदीय समितियों पर लागू होने वाले इस सभा के प्रक्रिया नियम ऐसे परिवर्तनों और रूप-भेदों के साथ लागू होंगे जो अध्यक्ष करें, और

कि यह सभा राज्य-सभा से सिफारिश करती है कि राज्य-सभा उक्त संयुक्त समिति में सम्मिलित हो और राज्य-सभा द्वारा संयुक्त समिति में नियुक्त किये जाने वाले दस सदस्यों के नाम इस सभा को बताए ।

उपाध्यक्ष जी, जब कि पालियामेंट डिजाल्व हुई थी उस के पहले यह बिल विभिन्न गुरुद्वारों के जो लोग इस देश में हैं उन की राय मंगाने के लिए भेजा गया था, और उन की राय उस वक्त आ चुकी थी, मगर पालियामेंट के भंग हो जाने के कारण और नए चुनाव आ जाने के कारण यह बिल वहीं पर पड़ा रह गया । और उस के बाद यह बिल इस सदन में लाया गया है । पंजाब के भाइयों ने जो यहां हैं, इसे लाने को कहा । उन की इच्छा के मुताबिक यह बिल यहां लाया गया है ।

इस बिल का उद्देश्य है कि आज जो गुरुद्वारे भारत वर्ष में हैं उन की व्यवस्था ठीक तरह से चले । मैं मानता हूं कि बिल में खामियां हैं और होंगी । उन को सिलेक्ट कमेटी के जरिए दूर किया जा सकता है । सिलेक्ट कमेटी के सामने देश के बहुत से लोग और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि आ कर अपनी राय का इजहार कर सकते हैं । सिलेक्ट कमेटी के सामने जो भी आज तक लोगों की राय आयी है या गुरुद्वारों की राय आयी है, या संस्थाओं की राय आयी है उसे देखने से मालूम होता है कि हमें इस में रद्दोबदल करनी पड़ेगी । इसलिये मैं इस सदन से दरखास्त करूंगा कि जो सिलेक्ट कमेटी बन रही है उस के सामने इस बिल को जाने दें और वहां पर जो रायें आयी हैं हिन्दुस्तान के कोने कोने से उन के आधार पर इस में रद्दोबदल किया जाए ।

मैं आप से यह भी कहना चाहता हूं कि अभी थोड़े रोज हुए कि संत फतेह सिंह जी यहां पर आए थे और मुझे अच्छी तरह से खबर है कि उन्होंने इस बात के बारे में चर्चा की थी और मेरे पास उस का प्रमाण है । उन्होंने कहा था कि सिक्खों के साथ ज्यादतियां होती हैं-खैर होती हैं या नहीं होती हैं, यह सवाल दूसरा है उस पर मैं इस समय कुछ कहना नहीं चाहता, लेकिन यह जरूर कहना चाहूंगा कि इस सदन के सामने आज यह बिल इतने वर्षों से पड़ा हुआ है । कुछ कारणों से एक संस्था में रहने के कारण बहुत सी चीजें आती हैं जिन का हमें पालन करना पड़ता है । लेकिन अब वक्त आ गया है कि सन्त फतेह सिंह जी के जो वाक्य हैं उन के अनुसार हमें इस बिल को सदन के सामने लाने में कोई रुकावट नहीं डालनी चाहिए । मैं सरकार से कहूंगा कि इस बिल को सिलेक्ट कमेटी में जाने दे और उस की राय मालूम करे । यही नहीं जो मैमोरेंडम सबमिट किए गए हैं हमारे भाइयों की दूसरी पार्टीज द्वारा, जो कि इस मजहब में हैं उन पर ध्यान दिया जाए । उन्हों ने इस बात पर जोर दिया है कि इस बिल को, जो कि इतने दिनों से पड़ा है, कामयाब किया जाए और इस को पास किया जाए ।

इन शब्दों के साथ मैं इस सदन से दरखास्त करता हूं कि इस बिल को सिलेक्ट कमेटी को जाने के लिये मंजूरी दे ।

**Mr. Deputy-Speaker:** Motion moved:

"That the Bill to provide for the better administration of Sikh Gurdwaras situated in different States of Indian Union and for inquiries into matters connected therewith, be referred to a Joint Committee of the Houses consisting of 30 Members, 20 from this House, namely: Dr. M. S. Aney, Shri K. L. Balmiki, Shri C. K. Bhattacharyya, Major Rajabahadur Birendra Bahadur Singh of Khairagarh, Sardar Buta Singh,

Sardar Daljit Singh, Shrimati Vimalabai Panjabrao Deshmukh, Sardar Dhanna Singh Gulshan, Sardar Iqbal Singh, Shri Hari Vishnu Kamath, Sardar Kapur Singh, H. H. Maharaja Shri Karni Singhji of Bikaner, Shrimati T. Lakshmikanthamma, Sardar Surjit Singh Majithia, Sardar Gurmukh Singh Musafir, Shri Man Sinh P. Patel, Shri D. D. Puri, Shri Sham Lal Saraf, Shri Asoke K. Sen, and Sardar Amar Singh Saigal, and 10 from Rajya Sabha;

that in order to constitute a sitting of the Joint Committee the quorum shall be one-third of the total number of Members of the Joint Committee;

that the Committee shall make a report to this House by the last day of the next session;

that in other respects the Rules of Procedure of this House relating to Parliamentary Committees shall apply with such variations and modifications as the Speaker may make; and

that this House recommends to Rajya Sabha that Rajya Sabha do join the said Joint Committee and communicate to this House the names of 10 Members to be appointed by Rajya Sabha to the Joint Committee.".

Two hours have been allotted for this Bill.

**श्री यशपाल सिंह** (कैराना) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस सुन्दर बिल को लाने के लिए सरदार अमर सिंह जी को बार बार बधाई देता हूं । जो काम सेन्ट्रल गवर्नमेंट के करने का था वह सरदार अमर सिंह जी ने किया है, इस तरह हमारे सरदार साहब रहनुमाओं के भी रहनुमा हैं ।

15–16 साल से यह बात सरकार कहती आयी है कि यह बिल मंजूर किया जाएगा, लेकिन 15–16 साल हो गए इस को टालते टालते । तो मेरी दरखास्त है कि जो वायदा 16–17 साल पहले का है उस वायदे को सरकार पूरा करे और सरदार अमर सिंह जी जो बिल लाए हैं इस में और ज्यादा सुधार कर के और इस को और भी ज्यादा खूबसूरत बना कर सरकार मंजूर करे ।

इस बिल के बारे में कोई दो रायें नहीं हो सकतीं । जिन गुरुद्वारों में सिख धर्म का प्रचार किया जाता है और जहां सैकड़ों सालों से लोगों को इस देश की रक्षा करने की दीक्षा दी जाती रही है, उन को ठीक से काम करने का मौका मिले यही इस बिल का उद्देश्य है । यह एक बहुत इन्नोसेंट बिल है, इसलिए हमारे मिनिस्टर साहब को चाहिए कि इसे बगैर किसी कांट्रोवर्सी के मंजूर करें, और सरदार अमर सिंह जी ने सरकार के करने का जो यह काम किया है, इस के लिए सारा हिन्दुस्तान आज उन्हें बधाई देता है ।

हां इतना जरूर करना चाहिए कि जो जो अब तक ढांचा रहा है उस ढांचे को बदला जाए, इस लिए नहीं कि कोई संकुचित भाव पैदा करना है, बल्कि इस लिए कि जो हमारे गुरुओं का मिशन रहा है और उस मिशन को पूरा करने के लिए उन्होंने जो लाफ्टी टीचिंग्स दी है उनका ठीक से प्रचार हो और उनके प्रचार के लिए ज्यादा से ज्यादा आर्थिक सहायता दी जाए और उनको कानूनी प्रोटेक्शन दिया जाए । आज हम देखते है कि हर जगह खिलवाड़ की जाती है । हम देखते हैं कि कहीं सिगरेट फेंकी जाती है, कहीं पाउंटा साहब पर गोलियां चलाई जाती है, ये चीजें रुकनी चाहिएं क्योंकि सिखिज्म देश की रक्षा के लिए पैदा हुआ है । सिख कम्युनिटी हमारा मिलिटरी डिपार्टमेंट है । अगर हमारे मिलिटरी डिपार्टमेंट को रक्षा नहीं मिलेगी, उनको अपने प्रचार के लिए आर्थिक सहायता नहीं मिलेगी, तो देश की रक्षा नहीं हो सकती । तो मैं इस बिल का इस लिए जोरदार समर्थन करता हूं । सिख इतिहास इस बात का

[श्री यशपाल सिंह]

साक्षी है कि उन्होंने अपना तन, मन और धन दे कर, अपने प्राण दे कर, अपने बेटे देकर, अपने लिख्ते जिगर देकर इस देश की और धर्म की रक्षा की है। रोटी, बेटी और चोटी की रक्षा की है। इसलिए देश की रक्षा के खयाल से सिखिज्म को कायम रखा जाना चाहिए और उसके प्रसार और प्रचार के लिए पूरा मौका मिलना चाहिए, और 15 साल तक जो यह बिल पड़ा रहा है इसमें और देरी न की जाए और इसको बिना विवाद के मंजूर किया जाए और इस तरह देश को आगे बढ़ने का मौका दिया जाए। अगर आपको देश की रक्षा करनी है तो आपको गुरुद्वारों की तरक्की के लिए तवज्जह देनी चाहिए। आज देश रक्षा चाहता है और रक्षा तभी होगी जब धर्म और चरित्र की शिक्षा होगी। अगर धर्म की और चरित्र की शिक्षा नहीं होगी तो देश की रक्षा नहीं हो सकती। आज के नाजुक मिजाज वाले देश की रक्षा नहीं कर सकेंगे। Rough hands rule the world. मजबूत हाथ ही धर्म की रक्षा कर सकते हैं और देश की रक्षा कर सकते हैं। ये हिना लगी हुई कोमल उंगलियां देश की रक्षा नहीं कर सकतीं। इसलिए मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि इस बिल को सुन्दरता के साथ मंजूर किया जाए और बगैर किसी विवाद के इसको पास किया जाए।

**श्री श्यामलाल सर्राफ** (जम्मू तथा काश्मीर) : डिप्टी स्पीकर सर, मैं इस बिल की पुरजोर ताईद करता हूं। जो बिल सरदार अमर सिंह जी ने पेश किया है उसके साथ मेरी कुछ जाती वाबस्तगियां है। उन्होंने एक शब्द फरमाया कि "गुरुद्वारा के साथ अकीदत रखने वाले लोग"। ऐसे लोगों में मैं अपने आपको भी समझता हूं और मेरा विश्वास है कि बहुत से लोग इस विचार के हैं।

हम चाहते हैं कि इन गुरुद्वारों का मैनेजमेंट अच्छी तरह से हो, उनके फंड्स की अच्छी तरह से देखभाल हो और वे लिविंग इंस्टीट्यूशन्स बनें। मैं अर्ज करूं कि मैं उस नार्थ से आ रहा हूं जोकि उनके कहे मुताबिक गुरुद्वारों में यक़ीन व श्रद्धा रखते हैं। यह विधेयक जोकि सरदार अमरसिंह सहगल लाये हैं उसकी जरूरत इस वजह से पड़ती है कि हम चाहते हैं कि वे लिविंग इंस्टीट्यूशन्स बनें।

**15 hrs.**

इस के लिए मैं आप से अर्ज करूंगा कि अभी हमारे देश में तालीम बहुत ज्यादा नहीं है खास कर जहां तक हमारे देहाती इलाकों का ताल्लुक है, रूरल ऐरियाज का ताल्लुक है, वहां पर शिक्षा का प्रचार नहीं है। अभी भी वहां पर लोग अनपढ़े हैं। चूंकि इस धर्म को मानने वाले लोग और खास कर गुरुद्वारों में विश्वास व श्रद्धा रखने वाले लोग बहुत ज्यादा उन रूरल ऐरियाज में से आते हैं इस लिए इस बात की बहुत जरूरत है कि देश में कायम सिख गुरुद्वारों का अच्छा और माकूल इंतजाम हो ताकि उन पर एक अच्छा असर पड़े और वह वहां आकर कुछ सीखें और देश और धर्म की एक उपयोगी नागरिक की हेसियत से सेवा कर सके। कुदरती बात यह है कि जिस तरीके का वहां का मैनेजमेंट होगा धार्मिक प्रचार होगा कलचरल प्रचार होगा मोरेलिटी का सबक वहां पर जनता को दिया जायगा उसी हद तक वह अवाम को और उस धर्म के मानने वालों को और दीगर लोग जोकि गुरुद्वारों में और गुरु ग्रंथ साहब में अकीदत रखते हैं उनको यकजा करेगा और वह देश के व कौम के अच्छे नागरिक सिद्ध होंगे वह गवर्नमेंट जिसका दावा यह है कि वह एक एक डेमोक्रेटिक गवर्नमेंट है वह इस ओर तवज्जह दे और तवज्जह देकर जो लोगों के जज़बात है, लोगों के ख्यालात हैं उनकी तरफ ध्यान देकर ऐसे हालात पैदा करे कि जिससे उन की भलाई हो।

मैं सरदार अमर सिंह सहगल का बड़ा आभार मानता हूं और उनका निहायत मशकूर हूं कि उन्होंने ज्वाएंट कमेटी को सौंपने के लिए यह अपना बिल सदन के सामने पेश किया है। मैं एक और दृष्टिकोण से एक और नुक्तेनिगाह से आपके सामने चन्द बातें रखना चाहता हूं। आजकल हमारे देश में बावजूद इस चीज के कि डेमोक्रेसी है, आजादी आबादी का कुछ हिस्सा इस किस्म का भी है जोकि ऐसे गुरुद्वारों को, ऐसे धर्म स्थानों को पोलिटिकल तरीके पर, राजनीतिक स्वार्थ पूरे करने के खातिर गलत तरीके पर इस्तेमाल करता है। दरअसल जरूरत इस बात की है कि जहां तक ऐसे धार्मिक स्थानों का ताल्लुक है, गुरुद्वारों का ताल्लुक है, मस्जिदों व गिरजों का ताल्लुक है उनको सियासत से बिलकुल अलग अलग रखना चाहिए। वहां पर आज बदकिस्मती से जो सियासत चल रही है उसका जनता पर एक खराब असर पड़ता है। जो छोटे लोग हैं, कम तालीमयाफ्ता लोग हैं, देहातों के रहने वाले लोग हैं उनके दिमागों पर इस चीज का बहुत बुरा असर पड़ता है। इसलिए गवर्नमेंट को चाहे वह सैंटर की हो या राज्यों की हो जिनका कि दावा डेमोक्रेटिक होने का है, वह इधर तवज्जह दे और ऐसे हालात पैदा करे कि यह गुरुद्वारे दुरुस्त तौर ठीक तौर पर चलें और उनका इस्तेमाल सही तौर पर महज इबादत की शकल में हो। वहां पर गुट्टबाजी के लिए कोई गुंजाइश न रहे और वे सही मायनों में धर्मस्थान बनें। इस चीज के लिए जनता और गवर्नमेंट दोनों को काम करना है। मैं सरदार अमरसिंह सहगल को यह बिल लाने के लिए मुबारकबाद देता हूं। यहां इस वक्त जो तमाम तकरीरें हो रही हैं उन्हें उनको सुनना चाहिए और ऐसा न समझकर बैठ जाना चाहिए कि महज बिल पेश कर देने भर से उनकी जिम्मेदारी खत्म हो गई है। इसमें जहां उनकी खास जिम्मेदारी है वहां सरदार दलजीतसिंह और साधू राम वगैरह जोकि यहां पर इस समय बैठे हुए हैं उन्हें भी मिल कर इस काम को करना है। इन सब का सहयोग हासिल करके सरदार अमरसिंह को इस काम को अपने हाथ में लेना चाहिए। इसमें वे उन दोस्तों का भी सहयोग व मदद हासिल करें जिनकी कि गुरुद्वारों में अकीदत व श्रद्धा है और एक ऐसी फिजा पैदा करें जिससे गवर्नमेंट के हाथ मजबूत हों।

एक संत के बारे में यहां पर जिक्र किया गया। मैं उनका नाम नहीं लेना चाहता। मैं भी उन के लिए श्रद्धा रखता हूं लेकिन मैं इतना कहने पर मजबूर हूं कि उन्होंने चन्द एक बातें ऐसी कही है जिनके कि साथ मेरा कतई इत्तिफाक नहीं है। आज हमारा देश जिन खतरनाक मंजिलों से गुजर रहा है और जैसे नाजुक वक्त का उसे सामना करना पड़ रहा है उसमें चाहे वह कितना ही बड़ा शख्स क्यों न हो, ऐसे हालात पैदा करना जिससे कि देश की एकता कमजोर हो, मुनासिब और दुरुस्त नहीं है। मैं इस मौके पर आपकी वसातत से और उन साथियों और दोस्तों के जरिए जोकि उनकी जमात से ताल्लुक रखते हैं, उनसे निहायत अदब से अर्ज करूंगा कि इस वक्त देश में ऐसे हालात पैदा करने कि किसी किस्म की दानिशमंदी नहीं है, कोई अक्लमंदी नहीं है ताकि देश की एकता कमजोर हो। खास कर पंजाब में तो ऐसे आपस में फूट डालने वाले हालात पैदा किये जाने बिलकुल ही नामुनासिब है क्योंकि आप जानते है कि वह एक सरहदी सूबा है और पाकिस्तान टेढ़ी नजर उधर की ओर लगाये बैठा हुआ है। उधर दूसरी ओर हम देख ही रहे हैं कि कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा तोड़ फोड़ और घुसपैठ की कार्यवाहियां काफी जोरशोर से चल रही हैं। चीन भी उधर घात लगाये बैठा है और हमारे खिलाफ लगातार साजिश और जोड़तोड़ कर रहा है और उसकी कोशिश है कि हिन्दुस्तान तबाह व बर्बाद हो। जब ऐसे हालात देश के सामने हों तो न तो किसी गवर्नमेंट को, न किसी जमात को और न ही किसी दोस्त को जोकि अपने आप को देशभक्त समझता हो, ऐसे

[श्री श्यामलाल सर्राफ]

हालात पैदा नहीं करने चाहिएं जिससे कि देश की एकता कमजोर पड़े। आज देश को एकता और संगठन की सब से ज्यादा जरूरत है। हमें यह देखना है कि यह गुरुद्वारा आदि धार्मिक स्थान लिविंग एंस्टीट्यूशंस बनें और उनका सही इस्तेमाल किया जाय।

हमने देखा कि काश्मीर में जो पाकिस्तानी घुसपैठिये हाल में आये उनको इन मस्जिदों में पनाह मिली है और उन्होंने वहां अपने अड्डे क़ायम किये। उनको वहां पर और कोई शैल्टर नहीं मिला। मैं दावे के साथ कहूंगा कि उन मस्जिदों के चलाने वाले इस बात के लिये जिम्मेदार हैं क्योंकि उन्होंने इन हमलावरों को मस्जिदों में पनाह दी। आज जो गरीब जनता को उसकी वजह से नुकसान माली और जानी उठाना पड़ रहा है वह किसी से छिपा हुआ नहीं है।

सरदार अमरसिंह सहगल ने जो यह बिल पेश किया है वह ठीक है। गवर्नमेंट को भी अपना पार्ट अदा करना चाहिए और मैं उम्मीद रखता हूं कि मिनिस्टर साहब हुकूमत की तरफ़ से इस बिल को मंजूर करेंगे। लेकिन इस के साथ ही मैं यह जरूर कहूंगा कि सरदार अमरसिंह सहगल, लाला काशीराम गुप्त वगैरह की जिम्मेदारी महज यहीं पर ख़त्म नहीं होती है, उनकी जिम्मेदारी इस बात की है कि वह ऐसे हालात पैदा करें अपने देश में, जिससे किसी तरह की गड़बड़ न होने पाये और देश को एकता को ठेस न लगने पाये। गुरुद्वारों आदि धार्मिक स्थानों का गलत तरीक़े से इस्तेमाल न किया जाय। मैं इन चंद शब्दों के साथ इस बिल की पुरजोर ताईद करते हुए कहना चाहता हूं कि ज्वाएंट कमेटी इस पर पूरी तरह से विचार करे, अवाम से उसकी राय हासिल करे, खसूसन उन लोगों से, जिनकी कि गुरुद्वारों पर अक़ीदत व श्रद्धा है और इस तरह से पूरी पूछगछ करके एक ऐसा मुकम्मिल बिल बना कर पास करे जिससे कि देश और कौम को फायदा पहुंचे।

**Shri D. C. Sharma:** (Gurdaspur): I think Sardar Amar Singh Saigal is to be congratulated on presenting such a comprehensive Bill before this House. I have seen many Bills by private members in this House, but I do not think anybody has taken so much pains in drafting the Bill as he has done. I do not think he has left any item concerned with Sikh Gurdwaras out and he has dealt with every problem connected with this as thoroughly as possible. I think when the history of private members' Bills in the Lok Sabha comes to be written by somebody, this Bill will stand out as a big thing in that.

This Bill has been before the country for a long time. So far as I know, enlightened Sikh opinion has been in favour of it, but it is not a question of Sikhs, Hindus or Muslims. I may tell you very sincerely that Sikh Gurdwaras are are as much deserving of respect at the hands of the Sikhs as at the hands of the Hindus. I remember Goswami Ganesh Dutt, leader of the Sanatana Dharma Sabha, who, I think, in 1947 told me that the study of the Bhagavat Gita, Japji and the Sukhmani Saheb should be made compulsory in all the schools and colleges of the Punjab. Afterwards he wanted that they should be made compulsory also in the schools and colleges of the other parts of the country. I think that that was a very wise suggestion that he made because I can say for myself that Japji Saheb Sukhmani Saheb are two great books full of spiritual comfort and spiritual consolation, they are the most lofty outpourings of the heart of great Gurus, and I think that anybody who goes through them will feel edified and inspired by them.

I need not say much about the Bhagavat Gita. It is known to everybody, and it also contains the

philosophy which has been accepted not only in this country, but also the other countries of the world. Thoreau, Emerson and other persons have accepted the philosophy propounded in the Bhagavat Gita.

The idea is that these Sikh Gurdwaras should become places of worship, real places of worship, genuine places of worship for the Sikhs as well as for those Hindus who believe in the tenets of Sikhism. There was a time when there were two sects of Sikhs, Sikhs and Sahjdharis. So, this should appeal not only to Sikhs but also to Sahjdharis.

So, I feel that the object of Shri Saigal is this, that the Sikh Gurdwaras should become centres from which spiritual and cultural influences will emanate, from which people should get spiritual light, should get ideas about the great spiritual heritage of our country which is enshrined in the Guru Granth Saheb and some of the other great books of the Sikhs. He wants that there should be uniformity so far as Sikh rites and ceremonies are concerned, because most of them are now governed by local customs and usages. I think this will be a step in the right direction, and I feel that most of my Sikh friends will agree to it. But I am not discussing so much the ritualistic aspect of the Gurdwaras because I am not fully conversant with it, but I do want that the administration of the Sikh Gurdwaras should be as efficient and effective as possible.

For that, Shri Saigal has proposed a Board and also a Committee of Management. When one looks at the functions of these Boards and Committees of Management, one thinks that they will be conducive to the better management of the Sikh Gurdwaras. This does not mean that they are not being properly managed now. I have nothing to say about that but I think there is no harm in having better and more efficient management if one can have it.

Shri Saraf was quite right when he said that religion and politics should be kept separate, that there should be no intermingling of the two, that the moment we try to merge the one into the other, we get into trouble. What he meant to say was this, that no place of worship, whether it belongs to Hindus, Muslims, Sikhs, Christians or Parsis, should be made use of for political propaganda. I agree with him entirely. I think the moment you do so, those places of worship lose their halo of sanctity, lose their religious power. Therefore, I feel that politics should not be centred in any place of worship, not to speak of the Sikh Gurdwaras.

I also endorse the appeal which he has made to one of the great leaders of the Sikhs. Sant Fateh Singhji Maharaj, that this is not the time when we should create more trouble for our country than is already there. We are facing two very powerful, ruthless enemies on our borders. One is China and the other is Pakistan. I spoke about two enemies, but they are not two, they have joined hands, they are working hand in glove with each other, so that our economy may be destroyed, so that our unity may be jeopardised, so that there may be some kind of disaffection among the people of our country. At a time like this, for anybody to stage any kind of action which will take away the attention of the Government from facing these two enemies poised on our borders to something internal, however, urgent, however necessary, is not very desirable. I, therefore join my hon. friend Shri Saraf in making an appeal to Sant Fateh Singhji Maharaj not to launch that kind of a morcha at this time, because it will not be conducive to the good name of our country.

[Shri D. C. Sharma]

At the same time, I want to say one thing. Some of our most sacred Gurdwaras are in Pakistan. I think of Nankana Saheb and Kartarpur near Dera Baba Nanak which is in my constituency. There are so many Gurdwaras with which are associated the sacred names of the Gurus, with which are associated some of the great things done by the Sikh Gurus. Unfortunately, some of those Gurdwaras are in Pakistan. It speaks volumes for the courage of the Sikh community that even there they have some Sikh contingent to look after those Gurdwaras, but I know under what circumstances they work. I know under what handicaps they work, I also know under what disadvantages they have to work. If we have a Bill of this kind for the Gurdwaras in India, I think we can ask Pakistan to see to it that the Gurdwaras in Pakistan are also placed under one central authority which is in India. Unless we have that kind of central authority, we cannot ask another country to toe our line. Therefore, I feel that this Bill will have wholesome and healthy repurcussions not only in our own country but also in those countries where our gurdwaras are situated. I had been to the United States and I visited a gurdwara in Stockton. Wherever the Sikhs go, they build a gurdwara; wherever the Hindus go they build a temple and wherever Muslims go they build mosques. I feel that if we bring the gurdwaras in India under this kind of uniformity, the day will not be far off when we shall be able to negotiate with Pakistan in a way so as to ask them to hand over the management of those gurdwaras to this central authority which will be constituted by the Central Government.

I started by paying compliments to Shri Amar Singh Saigal and the more I think of this Bill the more regard I have for this hon. Member. This hon. Member has asked for only one thing: that this be referred to a Select Committee. I know what Select Committees are. When the Governments sponsor a Select Committee, it means that the Government wants the Members to toe the line which they propose and the most they can offer is a minute of dissent which does not carry them very far. But I think that in this case the Select Committee will fulfil that function which is given to it in a democracy, that it will, as Mr. Saigal said, try to iron out all the defects and overcome the shortcomings and put an end to all those defects which are there. I am sure out of the Select Committee will emerge a Bill which will be conducive to the glory of this House and our country.

I do not know what the Minister is thinking. Sometimes it so happens that a private Member proposes and the Minister disposes. But I know that the Minister cannot at this time go against the wishes of Shri Amar Singh Saigal who is a very persistent campaigner for his noble and wholesome idea. I am sure that this Bill will receive not only the blessings of this House but also the blessings of my friend Mr. Jaganatha Rao, the hon. Minister. If he had not been a Minister, he would himself have spoken in favour of it, but unfortunately some of the good men are taken away to the ministerial benches, and the moment they go there their whole outlook undergoes a change for the worse. I know that Mr. Jaganatha Rao still means well and still does well and still thinks well and I am sure he will bless this proposition which has been put forward by Shri Amar Singh Saigal, the doughty, vigorous, zealous Member from Madhya Pradesh.

**श्री तुलशीदास जाधव (नांदेड़)** : उपाध्यक्ष महोदय, यह जो बिल पेश किया

गया है, इसका मैं समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं । यह बात सही है कि जितने अलग-अलग धर्म होते हैं, उनमें सुसंगति न हो तो बहुत सी खराबियां पैदा होती हैं । लेकिन एक ही धर्म में जब अधिकतर लोग एक ही रीति से पूजा अर्चना करते है, तो दिक्कतें कम पैदा होती हैं । जैसा कि इस्लाम धर्म में है, वे मस्जिद में रोजाना या सप्ताह में एक बार नमाज पढ़ने के लिए आते हैं इसलिए इस्लाम धर्म को मानने वालों में दिक्कतें कम पैदा होती हैं । इसी तरह से क्रिश्चियन धर्म है । दुनिया के अन्दर आप कहीं भी चले जायें, उनका जो रीति रिवाज है वह एक सा ही आपको मिलेगा, एक ही विचार उनका होता है और उसके कारण उन लोगों में ज्यादा से ज्यादा इत्तिफाकी होती है और उन लोगों के विचार धर्म सरीखे हो जाते हैं । जिस धर्म में अलग-अलग विचार होते है, अलग-अलग रीति रिवाज होते हैं, उसमें झगड़े भी ज्यादा पैदा होते हैं ।

जब यह बिल यहां नहीं भी आया था तब भी इस देश में और इस देश के बाहर भी सिख लोगों में एकता और इत्तिफाकी हर जगह पर देखने में आती थी और अब भी आती है । दुनिया के अन्दर जितने अलग-अलग समाज हैं, उनमें जितने ज्यादा से ज्यादा लोग एक जगह पर आकर एक ही विचार से, एक ही रास्ते पर चलें तो हमेशा समाज की तकलीफें कम होंगी । इस दृष्टिकोण से अगर देखा जाए तो कहना पड़ता है कि यह जो बिल भाई सहगल साहब लाये है यह बहुत अच्छा है ।

मेरी कंस्टिट्युएंसी में, नांदेड़ शहर में एक बड़ा गुरुद्वारा है । मैं हमेशा वहां जाता हूं । दूसरे वहां जो मन्दिर हैं, उन में भी मैं जाता हूं । मैं किसी धर्म के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता हूं । लेकिन मैं देखता हूं कि हिन्दू धर्म के नाम पर अलग-अलग मन्दिर होते हैं, अलग-अलग चलन होने हैं, जिससे ऊंच-नीच की भावना पैदा होती है और समाज में इकोनोमिक कंडिशंज खराब होने की वजह से एक आदमी दूसरे को बुरा कहता है, हीन भावना से दूसरे की तरफ देखता है । लेकिन जहां तक गुरुद्वारों का सम्बन्ध है, या चर्चिज का सम्बन्ध है उनमें हीन भावना से किसी को नहीं देखा जाता है या यह जो भावना है यह कम है । मैं ने नांदेड़ में जो बड़ा गुरुद्वारा है वहां जाकर देखा है, ग्रंथ साहब के पास जाकर नम्रता से सब लोग वहां बैठ कर उसको सुनते हैं और उनमें एक सा विचार सब जगह पर आया हुआ नजर आता है और इस चीज का असर भी दूसरे लोगों के दिलों पर बहुत अच्छा पड़ता है । बाहर का तो मुझे मालूम नहीं है लेकिन हिन्दुस्तान में जहां-जहां गुरुद्वारे हैं और जहां-जहां गुरु ग्रन्थ साहब का पाठ होता है, उन गुरुद्वारों की व्यवस्था अच्छी रीति से चले, मैनेजमेंट अच्छा हो और पूजा अर्चना करने का तरीका एक सा हो, इस दृष्टि से यह जो बिल लाया गया है, इसको मैं सपोर्ट करता हूं । यह बड़ी अच्छी बात है ।

एक बात इसके साथ-साथ मैं और कहना चाहता हूं । कई भाइयों ने अपना मत व्यक्त किया है और कहा है कि इस रीति में एक दिक्कत हिन्दुस्तान में है जो दिक्कत कि दूसरे देशों में पैदा नहीं होती है । वह दिक्कत यह है कि आजकल हिन्दुस्तान में बहुत दिनों से अलग-अलग ग्रुप जो हैं उन में आपस में झगड़े होने आये हैं और धर्म के नाम पर आपस में तनातनी पैदा हो जाती है, खींचतान हो जाती है । मैं समझता हूं कि मन्दिर हो या गुरुद्वारा हो, जहां पर पूजा अर्चना होती है, उसके मैनेजमेंट में इस तरह के झगड़े पैदा नहीं होने चाहियें, आपस में खींचतान नहीं पैदा होनी चाहिये । मैनेजमेंट को नियमों के अन्दर, रूल्ज के अन्दर बांधने का यह जो प्रयत्न इस बिल में किया गया है, यह बहुत अच्छा है । धर्म की शिक्षा अपने धर्म वालों को तथा दूसरों को भी शान्ति से देने का प्रयत्न धर्म स्थानों से होना चाहिये । अपने लोगों को तथा अपने पड़ोस वालों को भी ठीक

[श्री तुलसीदास जाधव]

तरह से धर्म की शिक्षा देकर दुनिया का भला करने का प्रयत्न गुरुद्वारों और दूसरे धर्म स्थानों द्वारा किया जाना चाहिये और इन्हीं कामों के लिये इनका उपयोग होना चाहिये। मैं ने सिख भाइयों को देखा है, उन का मेरा साथ हुआ है, मेरी कांस्टिट्यूएन्सी में उनका एक बड़ा मन्दिर है जहां पर दुनिया के लोग आते हैं। ऐसे धर्म के लिये और ऐसे लोगों के लिये जो यह कानून बनाने की बात है वह बहुत अच्छी बात है।

साथ ही साथ एक बात और भी कहना चाहता हूं, जैसा कि दूसरे माननीय सदस्यों ने भी कहा, सन्त फतेह सिंह महाराज ने आठ दिन पहले एक ऐलान किया। मैं समझ सकता हूं कि वह सेक्रिफाइस करना चाहते हैं। लेकिन यह भी तो सोचना चाहिये कि किस चीज के लिये सेक्रिफाइस करनी चाहिये और किस चीज के लिये नहीं करनी चाहिये। जैसे अभी कुछ दिन पहले मद्रास के अन्दर कई लोगों ने अपने खुद के ऊपर मिट्टी का तेल डाल कर अपने को जला दिया, यह कैसी सेक्रिफाइस है। हो सकता है कि अपने दिल से एक अच्छ काम के लिये उन्होंने सेक्रिफाइस की हो। लेकिन अगर कोई अपनी सेक्रिफाइस इस तरह दे कि जिस से देश के ऊपर, समाज के ऊपर कम्पलशन आये, एक बोझा आये, उस पर कुछ जुल्म हो, तो ऐसी बात सेक्रिफाइस में नहीं आती है। सेक्रिफाइस अगर करनी है तो वह इस तरह से होनी चाहिये कि दूसरे के दिल में रहम पैदा हो और वह उसकी बात पर विचार करने लग जाये। ग्रन्थ साहब के लिये मेरे दिल में बड़ा आदर है, बड़ा प्रेम है, इसलिये इस आदर और प्रेम को लेकर हम इस तरह से चलें कि देश में आज जो अलग अलग धर्मों के टुकड़े पड़े हुए हैं, दिल और मन के अलग अलग टुकड़े पड़े हुए हैं उनमें एकता आये। ऐसी हालत में जब कि देश के ऊपर आपत्ति आई हुई है, हमारे देश पर हमला हो रहा है, इन सब बातों को लेकर हमें सोचना चाहिये। ऐसी हालत में हम लोग कोई डिमाक्रेटिक मार्ग अख्त्यार न करें और यह कहें कि नहीं, पंजाबी सूबा बनना ही चाहिये, समाज जो दिल से चाहता है, उसकी परवाह न कर के इंडिविजुअल अपनी सेक्रिफाइस देने लग जायें, और सेक्रिफाइस करके डिमाक्रेटिक ढांचे के रास्ते से हटना, मैं नम्रता से कहूंगा कि मेरी दृष्टि में यह न्याय संगत नहीं है। मैं तो यह चाहूंगा कि जो लोग उनके साथ बैठने वाले हैं, जैसा कि हमारे अपोजीशन में बैठने वाले श्री कपूर सिंह हैं, वे उन से जाकर कहें कि इस बिल के एडमिनिस्ट्रेशन के लिये और उसके अनुसार व्यवस्था करने के लिये पार्लियामेंट की सपोर्ट है, लेकिन साथ ही साथ हाउस की रिक्वेस्ट है कि वह समाज और सन्त फतेहसिंह महाराज इस रीति से खुद की सेक्रिफाइस कर के ज्यादा से ज्यादा त्याग करें यह हम नहीं चाहते। उन का त्याग दूसरे कामों के लिये होना चाहिये। जैसे कि इस देश में जो सिख भाई हैं, जो मुसलमान भाई हैं इस देश में रहने वाली जितनी भी कम्यूनिटीज हैं उन सब को एक जगह पर लाने के लिये सैक्रिफाइस होनी चाहिये। वह अपनी सैक्रिफाइस दूसरे तरह के कामों के लिये इस डिमाक्रेटिक गवर्नमेंट पर न लादें।

**श्री ज्वा० प्र० ज्योतिषी** (सागर): उपाध्यक्ष महोदय, मेरे मित्र श्री सहगल ने इस बिल के द्वारा हमें एक अच्छी चर्चा करने का अवसर दिया और इस के द्वारा इस देश में एक बहुत महत्वपूर्ण कार्य करने के लिये कदम उठाया।

सिखिज्म इस देश का एक बड़ा गौरवशाली धर्म है। यह भारत भूमि बड़ी गर्वीली है इस बात के लिये कि इस देश में सिखिज्म जैसे, बुद्धिज्म जैसे, जैनिज्म जैसे बहुत से धर्मों को उस ने जन्म दिया। जिस तरह से धरती पर अनेक सुन्दर सुन्दर फूल खिलते हैं और अपनी

सुगन्ध से प्राणों को आनन्द देते हैं, उसी तरह अनेक सद्भावनाओं से भरे कुछ धर्म इस भारत भूमि पर प्रस्फुटित हुए और अपनी सुगन्ध से इस भारत देश को आनन्दित करते रहे हैं। उन्होंने जीवन में अच्छाई की प्रेरणा दी और आज भी वह प्रेरणा दे रहे हैं। सिखिज्म ने इस देश की रियाया को बड़े आपत्ति काल में प्रेरणा दी, कुर्बानी की प्रेरणा दी, भाई-चारे की भावना को स्थापित किया इस देश में एक कोने से दूसरे कोने तक; और इस देश के अन्दर एक मर्दानगी का भाव जगाया। यह बड़ा शानदार धर्म हमारे देश की भूमि से उत्पन्न हुआ।

सिख शब्द आखिर है क्या। शिष्य। गुरु का शिष्य, गुरु की प्रेरणा पर जो चले सद्भाव की ओर। अच्छे पुरुषों ने जो अच्छी बातें कही है उन अच्छी बातों को करना और अच्छी बातें करने वाले लोगों को अपना गुरु मानना, और उनके आदेशों पर चलना, यही मुझे लगता है कि सिखिज्म है। हिन्दुस्तान में जितने भी विचारक हुए, अच्छे अच्छे विचारक और सन्त हुए, उन सन्तों की वाणी को गुरुओं ने इकट्ठा किया और उन्हें हमारे सामने रक्खा और हम उस वाणी को अपनी जिन्दगी में प्रतिष्ठित करें, उस वाणी में जो उपदेश हैं उनके अनुकूल अपने जीवन को चलायें इस भाव को लेकर ग्रन्थ तैयार हुए। जगह जगह उपासना स्थल बने। समय के अनुसार इधर उधर अगर कुछ गड़बड़ियां हो रही हैं तो वे दूर हों, सब में एकता आये, एकस्वरमयता आये, इस दिशा में यत्न हमारे मित्र श्री सहगल ने इस बिल के द्वारा किया। मैं समझता हूं कि यह बहुत अच्छी बात है।

